Edition: 1 Volume: 2

Samanta Foundation

# SITAARE

A multilingual magazine



Illustration by: Shoaib

Conceptualised by: Tanya
Edited by : Vrinda
Coordinator: Meenakshi

# इस बार




- बिरबल की खिचड़ीं



- गोज़री  कविता
- झूला






- ख़बरों का पिटारा



- 15 अगस्त की धूम



- मज़ेदार facts
- एक हज़ारो में मेरी बहना है
- Picture  gallery



# बिरबल की खिचड़ीं

_ अलीज़ान,  कक्षा 7, UPS, Gujjar Basti



एक बार बादशाह अकबर ने घोषणा की यदि कोई  व्यक्ति सर्दी  के मौसम में नदी के  ठंडे पानी में घुटने तक डूबा रहकर सारी रात गुज़ार देगा उस व्यक्ति को मैं सौ सोने के सिक्के इनाम में दूँगा। एक गरीब धोबी ने अपनी ग़रीबी दूर करने के ख़ातिर हिम्मत की और नर्मदा नदी में घुटने तक पानी में सारी रात ठिठुरते हुए बिताई। और फिर वह धोबी अगले ही दिन बादशाह अकबर के दरबार अपना इनाम लेने पहुँच  गया।

बादशाह अकबर ने उससे पूछा कि तुमने कैसे इतने ठंडे पानी में बिना सोए सारी रात बिताई, और  अब मैं ये कैसे विश्वास करूँ की तुम यह सब सच कह रहे हो। बादशाह ने सबूत की माँग की। तब धोबी ने  कहा ' मैं सारी  रात नदी  में सामने महल  के कमरे में जलते हुए दीपक को देखता रहा  और जागता रहा और इस तरह मैंने पूरी रात शीतल जल में गुज़ारी।

तभी बादशाह अकबर ने ग़ुस्से से कहा ' इसका मतलब  यह  हुआ कि  महल  के  जलते  हुए दीपक  की गर्मी को लेकर सारी रात पानी में खड़े रहे और अब तुम मुफ़्त का  इनाम लेना चाहते हो। अकबर का ग़ुस्सा बढ़ गया' और उसने सिपाहियों से धोबी  को जेल मे बंध करने  को कहा  ।



उस  वक्त बीरबल भी दरबार में बैठा था, उसे यह सब देखकर बहुत बुरा लगा कि धोबी को इनाम के बदले जेल भेज दिया गया। बीरबल को एक तरकीब सूझी और अगले दिन वह दरबार में हाज़िर नहीं हुआ जबकि उस दिन दरबार की एक आवश्यक बैठक थी। उसी वक्त बादशाह ने बीरबल को बुलाने के लिए एक आदमी को भेजा। वह ख़ाली हाथ वापिस आके बोला की बीरबल खिचड़ी पका रहे हैं और वह खिचड़ी पकने के बाद उसे खाके आएँगे।

जब बीरबल बहुत देर बाद भी नहीं आया तब बादशाह अकबर को बीरबल की चाल में कुछ संदेह नज़र आया, तब बादशाह ख़ुद चलकर बीरबल के पास जा पहुँचा। वहाँ जाकर बादशाह ने देखा की बीरबल ने एक बहुत लंबे से डंडे पर एक घड़ा बांधकर उसे ऊँचा लटका दिया और ज़मीन पर बहुत कम आग जलाकर खिचड़ी पका रहा है। और खाट पर खिचड़ी पकने का इंतज़ार कर रहा है ।



तभी बादशाह अकबर ने बीरबल को ग़ुस्सा होके कहा " ये क्या तमाशा लगा रखा है, ऐसे भी कभी खिचड़ी पकती है "। बीरबल ने कहा माफ़ करना हुज़ूर खिचड़ी ज़रूर पकेगी और वैसे ही पकेगी जैसे उस दिन धोबी को महल के जलते हुए दीपक से गर्मी मिली थी ।  उसी समय बादशाह अकबरको सारी बात समझ आ गई और उन्होंने बीरबल को गले लगाकर धन्यवाद किया और उसी वक्त धोबी को जेल से निकाल के इनाम देने का हुक्म दिया ।

# गोजरी कविता

-शराफ़त, कक्षा 4. PS-2, Gujjar Basti



ऐड़ पई तड़ तड़ तड़
ट्य्यों बुट्टो कड़ कड़ कड़
चड़या फ़ल तड़ तड़ तड़
चुड़े फ़ल तड़ा तड़ तड़ा तड़

# झूला

-सद्दाम



अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर में झूलूँगा ।
इस पर चढ़कर ऊपर बढ़कर
आसमान को में छू लूँगा ।
झूला झूल रही है डाली झूल रहा है
पत्ता पत्ता ,

इस झूले पर बढ़ा मज़ा है चल दिल्ली चल कलकत्ता
झूला रही नीचे को धरती
उड़ चल उड़ चल उड़ चल
चल बरस रहा है रिमझिम रिमझिम
उड़कर मैं लुटू दल बदल




# ख़बरों का पिटारा







हमारी library में  बहुत सी नयी किताबें आयी। वह बहुत रंग बिरंगी हैं।



हमारी भैंस बया गई और उसने एक कटरी को जन्म दिया। हम खुश होगए और मेरे दादाजी ने ३किलो गुड़ लाया और मेरे पापा ने उसे भूसा खिलाया। मम्मी ने भैंस का दूध निकला और हमे पिलाया।




देश की सबसे बड़ी खबर
भारत 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के करीब सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बन गया।



# 15 अगस्त की धूम












# मज़ेदार  Facts



एक बांस का पेड़ 24


घंटे में 3 फीट बड़ सकता है



तितलियां हमेशा पत्तियों पर अंडे देती हैं, यह अपने पैरों से पता लगा लेती है कि यह पत्ता अंडे देने के लिए उपयुक्त है या नहीं.

कोयल पक्षी घोंसला नही बनाती
बल्की दुसरे
पक्षियों के घोसलों का इस्तेमाल
अंडे देने के लिए करती हैं।






हाथी को रोजाना औसतन
150 किलोग्राम खाने की
जरूरत होती है ।

# एक हज़ारो में मेरी बहना है

-कशिश, कक्षा २, PS- Chamariya



दो दिन बाद मेरी बहन का Happy Birthday है ।
मेरी बहन मेरे से कुछ भी नहीं माँगती है । पर में अपनी बहन को
Surprise देकर उसका birthday धूम धाम से मनाना चाहती हूँ ।मेरी
बहन मेरा बहुत ध्यान रखती है और मुझे बहुत प्यार भी करती है । वो मेरे
बाल भी बनाती है और मेरे साथ खेलती भी है ।
मैं अपनी बहन को और सबसे ज़्यादा प्यार करती हूँ ।

# Picture Gallery











# Picture Gallery









**Click to take a step with us**

https://rzp.io/l/mtRuxy5T5

**To know more click below:**

Samanta  Facebook  LinkedIn  Twitter Instagram